नाम ..................... अनुक्रमांक ...............

# वार्षिक परीक्षा,

## हिन्दी (प्रथम + द्वितीय प्रश्न पत्र)

समय : 2 घण्टे] **कक्षा-8** **[पूर्णांक : 100**

1. निम्नलिखित गद्य-खण्डों में से किसी एक खण्ड का ससंदर्भ अर्थ लिखिए- 10

(क) एक वर्ष तक कष्ट साध्य उपचार चला और एक दिन स्वयं ही इसके ऊपरी धड़ में गति आ गयी, हाथ हिलने लगे, नन्हीं उँगलियाँ मुझे बुलाने लगी। निर्जीव धड़ को मैंने सहारा देकर बैठना सिखा दिया। पाँच वर्ष की हुई, तो मैं ही इसकी स्कूल बनी। मेघावी पुत्री की बिलक्षण बुद्धि ने फिर मुझे चमत्कृत कर दिया, सरस्वती स्वयं ही जैसे आकर जिह्वाग्र पर बैठ गई थीं।

(ख) व्योम को छूते हुए दुर्गम पहाड़ों के शिखर
वे घने जंगल जहाँ रहता है तम आठो पहर
गर्जते जलराशि की उठती हुई ऊँची लहर
आग की भयदायिनी फैली दिशाओं में लवर
ये कँपा सकती कभी जिसके कलेजे को नहीं
भूलकर भी वह नहीं नाकाम रहता है कहीं।

2. निम्नलिखित संस्कृत गद्य-पद्य खण्डों में से किसी एक खण्ड का हिन्दी में अर्थ लिखिए- 8

(क) अस्माकं प्रदेशस्य मध्य-दक्षिण भागे अति प्राचीनं प्रयाग नगरं स्थितमस्ति, यस्योत्तरत: गङ्गा दक्षिणत: यमुनाचनद्यौप्रवहत:। तत्र सरस्वत्या: नद्या: अपि का चिद् अदृश्यधारा वहतीति पुराणेषु वर्णितम्। तस्य नगरस्य प्राच्यां दिशि तिसृणायपि नदीनां भविति कश्चित् शोभन: सङ्गम:।

(ख) उत्सवें व्यसने चैव दुर्भिक्षे राष्ट्र विप्लवे।
राजद्वारे श्मशने च यत्तिष्ठति स बान्धव:॥

3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 9

(क) श्यामू ने जवाहिर से कागत पर 'काकी' क्यों लिखवाया?

(ख) जापान मे हिन्दी की क्या स्थिति हैं?

(ग) मोनू ने दूध के कटोरे को क्यों नहीं छुआ?

(घ) नर्मदा कुंड से आगे की यात्रा को लेखक ने नया अध्याय क्यों कहा है?

(ङ) लोगों ने शाम वाली बस से सफर नहीं करने की सलाह क्यों दी थी?

4. हमारे आदर्श-कक्षा-8 के निम्नलिखित पाठों में से किसी एक पाठ का सारांश





लिखिए- 8

महर्षि अगस्त्य, गुरु गोविन्दसिंह, आचार्य विनोबा भावे, लतामंगेशकर।

5. (क) श्लेष अथवा अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए- 4

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखिए- 4

कुदरत, बोदा, जीवन-पर्यन्त, मुनासिब, अरण्य, विहंगम, बिलम्ब, फुरसत।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों का विग्रह कर समास का नाम बताइए- जैसे- रोगग्रस्त = रोग से ग्रस्त - तत्पुरुष समास 4

भीतर-बहार, स्नेह प्रदर्शन, मृग-समूह, हाथ-मुँह, उत्तार-चढ़ाव, व्यथा-कथा।

(घ) सूची 'क' की पुस्तकों का सूची 'ख' के लेखकों से मिलान कीजिए- 4

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सूची 'क' | अन्ना करेनिना | मदर | विचित्रवीर | सत्यार्थ प्रकाश |
| सूची 'ख' | दयानन्द सरस्वती | सर्वारीज | मेक्सिम गोर्की | लियो टॉलस्टाय |

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों का सन्धि विच्छेद कीजिए- 4

वाग्जाल:, जगदीश्वर:, जगन्नाथ:, उद्भव, सदानन्द, सज्जन:, तल्लीन:, निर्मल:।

6. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं तीन मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए- 6

मुँह ताकना, अक्ल पर पत्थर पड़ना, मुँह में पानी भर आना, खून पसीना एक करना, दाँतों तले अँगुलियाँ दबाना, दम तोड़ना।

7. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के तत्सम रूप लिखिए- 4

अदरक, ग्यान, होली, अहीर, भिखारी, गड्ढ़ा, कंकन, पंछि।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 4

अर्पण, अनुकूल, उत्तीर्ण, कृतज्ञ, आस्तिक, रक्षक, पक्ष, कटु।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के चार-चार पर्यायवाची शब्द लिखिए- फूल, मछली, घर, आकाश, बादल, पानी, महादेव, शत्रु। 4

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्द-युग्मों के अर्थ स्पष्ट कीजिए- 4

जीव-जीभ, अन्न-अन्य, छात्र-क्षात्र, वात-बात।

8. अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए। जिसमें उसे व्यायाम का महत्त्व बताया गया हो। 8

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग दो पृष्ठों पर निबन्ध लिखिए- 15

(क) गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी) (ख) किसी मेले का वर्णन।

(ग) दीपावली का त्योहार। (घ) विज्ञान के चमत्कार।